दैनिक
प्रातः कालीन
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र



# क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 314 मुरादाबाद, 16 March 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## धामी सरकार का पहला पूर्ण बजट पेश, युवा शक्ति के साथ इन क्षेत्रों पर किया फोकस

वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने इस वर्ष के लिए 77407.08 करोड़ का बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य की योजनाएं गरीबों तक पहुंचाने का काम किया जा रहा। बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है।भराड़ीसैंण विधानसभा में बुधवार को धामी सरकार का पहला पूर्ण बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने इस वर्ष के लिए 77407.08 करोड़ का बजट पेश किया, जिसमें रोजगार, पर्यटन, निवेश और युवाओं पर खास तौर फोकस किया गया। दोपहर दो बजे वित्त मंत्री ने बजट सदन पटल रखा। उत्तराखंड का बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि 2025 में उत्तराखंड को देश का अग्रणीय राज्य बनाने की दिशा में सरकार का यह बजट अहम भूमिका निभाएगा। वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए उत्तराखंड के बजट में युवा शक्ति पर विशेष फोकस किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सश्क्त उत्तराखंड बनाने का संकल्प लिया है। इसी दिशा में बजट को तैयार किया गया है। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड को पर्यटन के



क्षेत्र में नंबर वन बनाएंगे। उन्होंने स्थानीय उत्पादों के निर्यात को सरकार की पहली प्राथमिकता बताई। उत्तराखंड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की बात कही गई। साथ ही उन्होंने उत्तराखंड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की बात कही गई। वहीं सीएम पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि बजट हर वर्ग को प्रोत्साहित करने वाला है। हर वर्ग का बजट में ध्यान रखा गया है। उत्तराखंड का युवा नौकरी करेगा नहीं बल्कि देगा- वित्त मंत्री,वित्त मंत्री प्रेमचंद ने कहा कि बजट में युवाओं पर खास फोकस किया गया है। अब प्रदेश का युवा नौकरी करने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनेगा। बजट में स्वरोजगार योजना के लिए 40 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। बजट की बड़ी बातें - लोक सेवा आयोग की तैयारी के लिए 50 हजार। बजट में युवा शक्ति पर विशेष फोकस किया गया है। मुख्यमंत्री प्रतिभा प्रोत्साहन के लिए 11 करोड़ का प्रावधान भर्तियों में घोटाला करने वालों के खिलाफ कड़े कानून। NCC कैडेट का भत्ता बढ़ाया। पिछड़ी जातियों की छात्राओं के लिए एक करोड़ 90 लाख छात्रवृत्ति का प्रावधान। 2025 तक राज्य को सर्वश्रेष्ठ बनाने की दिशा में काम। जी-20 के लिए 100 करोड़ का प्रावधान। बालिका साइकिल योजना के लिए 15 करोड़ का प्रवाधान। उत्तराखंड का युवा नौकरी करेगा नहीं बल्कि देगा। स्वरोजगार योजना के लिए 40 हजार करोड़ का प्रावधान। चिकित्सा शिक्षा पर विशेष फोकस सात बिंदुओं पर है बजट का फोकस मानव पूंजी में निवेश पर जोर दिया गया। निर्बाध एवं सुरक्षित संयोजकता। प्रोद्योगिक एवं आधुनिक विकास। इकोलॉजी एवं इकोनॉमी में संतुलन। जोशीमठ भू-धंसाव क्षेत्र के लिए एक हजार करोड़ का प्रावधान। स्वरोजगार, शिक्षा, कनेक्टिविटी, हेली कनेक्टिवटी, सौर ऊर्जा, युवा, खेती किसानी, पर्यटन पर जोर। अनुसूचित जनजाति के छात्रों को मिलेंगी फ्री किताबें नवंबर माह से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाया जाएगा।

## आरडीएसएस की मदद से यूपी की विद्युत व्यवस्था को और सुदृढ़ करेगी योगी सरकार, आवंटित किए 13632 करोड़ रुपये

योगी सरकार ने केंद्र की आरडीएसएस स्कीम के माध्यम से 2024-25 तक 12 से 15 प्रतिशत वाणिज्यिक हानियों को कम करने का लक्ष्य तय किया है। लाइन लॉस रोकने के लिए 29 पैकेजेज के तहत यूपी के सभी 5 डिस्कॉम को 13632.24 करोड़ रुपये आवंटित किए गए।उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने यूपी की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ कर दिया है। इसे और समृद्ध करने के लिए प्रदेश सरकार का प्रयास निरंतर जारी है। विद्युत उत्पादन और वितरण के साथ-साथ सरकार का पूरा ध्यान लाइन लॉस को कम करने पर भी है। इसके लिए योगी सरकार ने भारत सरकार की रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) को माध्यम बनाया है। इस स्कीम के अंतर्गत विद्युत वितरण क्षेत्र की लाइन हानि (एटीएंडसी लॉसेस) को कम करने के साथ-साथ विद्युत प्रणाली सुधार व नवीनीकरण का भी प्रावधान है। भारत सरकार द्वारा डिस्कॉम (बिजली वितरण कंपनियों) की आपूर्ति के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना का क्रियान्वयन 2025-26 तक किया जाना है।



### पांचों डिस्कॉम को 13632.24 करोड़ प्रदान किए गए

इस योजना के अंतर्गत यूपी के सभी पांचों डिस्कॉम को लाइन हानि रोकने के लिए 29 पैकेजेज प्रदान किए गए हैं। इनके माध्यम से 13632.24 करोड़ रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। इस धनराशि से सभी पांचों डिस्कॉम में प्रोजेक्ट वर्क की शुरुआत भी हो चुकी है। इसके अंतर्गत पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के आठों कलस्टर के लिए 3842.41 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की जा रही है, जबकि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सातों कलस्टर के लिए 3303.70 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है। वहीं पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के छह कलस्टर के लिए 2764.33 करोड़, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सातों कलस्टर को 3247.07 करोड़ रुपये का प्रावधान है। इसके अलावा केस्को कानपुर को 474.73 करोड़ आवंटित किए गए हैं।

### 12 से 15 प्रतिशत तक कम करनी है तकनीकी व वाणिज्यिक हानियां

केंद्र की आरडीएसएस योजना के मुताबिक 2024-25 तक तकनीकी व वाणिज्यिक हानियों को 12 से 15 फीसदी तक कम करना है। 2024-25 तक औसत आपूर्ति लागत-औसत राजस्व वसूली (एसीएस-एआरआर) अंतर को शून्य करना है। विद्युत वितरण तंत्र का सुदृढ़ीकरण व नवीनीकरण करना है। इसके साथ ही विद्युत वितरण क्षेत्र में उपभोक्ताओं को व्यवधान रहित गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति की जानी है।

### डिस्कॉम में हो चुकी है पीएमए की नियुक्ति

इस कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने के लिए सभी डिस्कॉम में पीएमए की नियुक्ति की जा चुकी है। वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए फीडर व वितरण परिवर्तक स्तर पर सिस्टम मॉनीटरिंग के लिए 28 मार्च 2022 में ही 18885.24 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। वहीं ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में विद्युत प्रणाली के सुदृढ़ीकरण व हानियों को कम करने के लिए 16498.61 करोड़ के कार्य की स्वीकृति मिल चुकी है। साथ ही लॉस रिडक्शन के कार्यों के लिए कार्यदायी संस्थाओं की नियुक्ति की जा चुकी है। मीटरिंग के कार्यों के लिए निविदा का कार्य अभी प्रक्रियाधीन है।

## 30 व 31 मार्च को अयोध्या में श्रीराम जन्मोत्सव का आयोजन, मुख्यमंत्री योगी हो सकते हैं शामिल



अयोध्या में 30 व 31 मार्च को श्रीराम जन्मोत्सव मनाने की तैयारी है। आयोजन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हो सकते हैं।इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। श्रीराम जन्मोत्सव 30 व 31 मार्च को अयोध्या में होगा। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की संभावना है। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है। प्रदेश के 16 जिलों में चल रहे रामायण कॉन्क्लेव का समापन भी चैत्र राम नवमी मेले के दौरान अयोध्या में होगा।

अयोध्या में रामकथा पार्क नयाघाट पर श्रीराम जन्मोत्सव का आयोजन संस्कृति एवं पर्यटन विभाग से कराया जाएगा। इसमें प्रभु श्रीराम पर आधारित गायन, वादन, पारंपरिक नृत्य, रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, रामलीला आदि के कार्यक्रम होंगे। डीएम नितीश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के आने की संभावना है। कार्यक्रम को भव्य एवं वृहद स्तर पर मनाए जाएगा।कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन, सिंचाई, बाढ़ खंड, नगर निगम, पुलिस, यातायात, विद्युत, लोक निर्माण, अयोध्या विकास प्राधिकरण, पर्यटन संस्कृति, सूचना, परिवहन सहित अन्य संबंधित विभागों को तैयारी के निर्देश दिए गए हैं। घाटों व मंदिरों को विशेष रूप से सजाने संवारने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने इसमें सभी साधू-संतों से भी सहयोग की अपील की है। उप सूचना निदेशक डॉ. मुरलीधर सिंह ने बताया कि चैत्र रामनवमी मेला में 500 होर्डिंग्स, 1000 स्टैंडी, 25 एलईडी बैन, 20 डिस्प्ले बोर्ड लगाया जाएगा।

## PM से नफरत अब देश के प्रति नफरत में बदली, स्मृति बोलीं- राहुल ने विदेश में भारत को बदनाम किया

स्मृति ईरानी ने कहा कि मैं राहुल गांधी से पूछना चाहती हूं, आपने विदेश में कहा कि आपको देश के किसी भी विश्वविद्यालय में बोलने का अधिकार नहीं है। अगर ऐसा है तो 2016 में जब दिल्ली के एक विश्वविद्यालय में भारत तेरे टुकड़े होंगे का नारा लगाया गया था, तो आपने इसका समर्थन किया था, वह क्या था? राहुल गांधी की प्रधानमंत्री के प्रति नफरत अब देश के प्रति नफरत बन गई। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने विदेशी धरती पर देश के संबंध में दिए गए बयानों पर राहुल गांधी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, उन्होंने (राहुल गांधी) एक ऐसे देश का दौरा



करके विदेशी शक्तियों का आह्वान किया, जिसका इतिहास भारत को गुलाम बनाने का रहा है। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को तहस-नहस करते हुए राहुल गांधी ने खेद जताया कि विदेशी ताकतें आकर भारत पर हमला क्यों नहीं करतीं। स्मृति ईरानी ने कहा कि मैं राहुल गांधी से पूछना चाहती हूं, आपने विदेश में कहा कि आपको देश के किसी भी विश्वविद्यालय में बोलने का अधिकार नहीं है। अगर ऐसा है तो 2016 में जब दिल्ली के एक विश्वविद्यालय में भारत तेरे टुकड़े होंगे का नारा लगाया गया था, तो आपने इसका समर्थन किया था, वह क्या था? केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती पर देश को बदनाम किया। राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं का अपमान किया। स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी से पूछा क्या भारत को अपमानित करना लोकतंत्र है? क्या सदन के सभापति का अपमान करना लोकतंत्र है? स्मृति ईरानी ने कहा कि भारत राहुल गांधी से माफी की मांग करता है।

क्यूँ न लिखूँ सच
बिना किसी सिक्यूरिटी के
डेली अखबार आवश्यकता है
KNLS लाइव
सभी जिलो में ब्यूरो,स्थानीय रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
क्यूँ न लिखूं सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
* वेलकम किट लेना अनिवार्य है

## अखिलेश यादव बोले- 69000 सहायक शिक्षक भर्ती में आया फैसला, भाजपा सरकार की ढीली पैरवी का नतीजा



लखनऊ- समाजवादी पार्टी के मुखिया आखिलेश यादव ने हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ की ओर से जारी किए गए फैसले के बाद भाजपा सरकार पर निशाना साधा। अखिलेश ने कहा कि 69000 सहायक शिक्षक भर्ती में आया फैसला, आरक्षण की मूल भावना की विरोधी भाजपा सरकार की ढीली पैरवी का नतीजा है।भाजपा दलित-पिछड़ों का हक़ मारने के लिए आरक्षण को विधायी माया जाल में फंसाती है। जातीय जनगणना ही इस समस्या का सही समाधान है जिससे कि जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण हो सके।बता दें कि हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सोमवार को सहायक अध्यापक भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण कोटे का सही से अनुपालन ना किए जाने पर 1 जून 2020 को जारी सहायक अध्यापक के चयन से जुड़ी सूची को तीन माह में संशोधित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने इसके साथ ही भर्ती परीक्षा के क्रम में आरक्षित वर्ग के अतिरिक्त 6800 अभ्यर्थियों की 5 जनवरी 2022 को जारी हुई चयन सूची को भी खारिज कर दिया। इस चयन सूची को यह कहते हुए चुनौती दी गई थी कि इसे बिना किसी विज्ञापन के जारी किया गया था।

## लाउडस्पीकर विवाद को लेकर डिंपल यादव का योगी सरकार पर हमला, महिला सुरक्षा और किसानों की आय को लेकर कही बात

नई दिल्ली- उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से लाउडस्पीकर का मामला गरमा गया है। अल्पसंख्यक आयोग ने रमज़ान से पहले उत्तर प्रदेश शासन को पत्र लिखा है, उन्होंने शिकायत की है कि नियमों के अनुसार होने के बावजूद कई जगहों पर लाउडस्पीकर हटाए जा रहे हैं। वहीं अब इस मुद्दे पर सियासी बयानबाजी का दौर भी शुरू हो गया है।इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी की नेता और मैनपुरी से लोकसभा सदस्य डिंपल यादव ने सरकार का घेराव किया है। उन्होंने कहा कि यूपी की योगी सरकार



सिर्फ लाउडस्पीकर की बात कर सकती है, क्योंकि वह अहम सवालों से भागती है।डिंपल ने कहा कि योगी सरकार अहम सवालों से भाग रही है, लाउडस्पीकर लगाने या हटाने से न ही महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और न ही इससे किसानों की आय दोगुनी होगी। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार सिर्फ और सिर्फ लाउडस्पीकर की बात कर सकती है।

### लाउडस्पीकर पर सियासत

पिछले दिनों देश की राजनीति में लाउडस्पीकर को लेकर जमकर सियासी गहमा गहमी हुई थी, महाराष्ट्र से शुरू हुए इस विवाद की चपेट में उत्तर प्रदेश समेत कई राज्य आए थे। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंदिरों से लेकर मस्जिदों तक बड़े पैमाने पर लाउडस्पीकर उतरवाए थे। जहां लाउडस्पीकर वैध थे, वहां आवाज को नियंत्रित करवाया गया था।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## संपादकीय Editorial

### Democracy, constitution is alive

Today is the day of throwing bats. Indian cinema has touched the creative sky. The song 'Naatu Naatu' from the superhit film 'RRR' has been awarded the 'Oscar Award' in the Best Original Song category. This is the first Indian song. Earlier Oscar was given for the music and lyrics of 'Jai Ho...', but it was originally a British film. In addition, 'The Elephant Whispers' has been awarded the Oscar Award for Best Short Documentary. Surely both the achievements are extraordinary, unprecedented and incomparable. The whole world is dancing to this song and music. Hats off to the teams that created both types of cinema… Jai Hind! Mind and sentiments were to write on this subject, but there is an even more important issue – democracy. If we are in a democratic set up, then freedom of cinema, creation and expression is possible and achievable. We strongly believe that India is a democracy and the most living example. If some people are restless, fidgeting, it may be their frustration. The people of the country have also more or less rejected him. However, India has been a nation with ancient, democratic civilization and culture. Senior Congress MP Rahul Gandhi can give any statement, this is not a new thing. If he is a continuous Lok Sabha MP since 2004, then only because of democracy…. We believe that Prime Minister Modi, while addressing the Indian Diaspora in Shanghai, Toronto, Seoul, had made it a sin to be born in a country, we believe that he should avoid such shallow statements. The post of Prime Minister is national, it has its own pride, its own dignity, therefore, being the first representative of India, Prime Minister Modi should not tell the truth in this way. Although it is a matter of 2015, but it does not mean that Rahul Gandhi has got any license to say 'Ujalo ko Andhera' on foreign soil. The questions he raised on India's democracy in Britain, put him in the dock and urged foreign intervention for the restoration of democracy, is hopeless frustration beyond reality. Prime Minister Modi has considered it 'unfortunate'. Due to the ruckus on this issue, the proceedings of the Parliament could not go on. The second phase of the budget session has started on Monday. An unprecedented and unexpected scene came to the fore that the MPs of the ruling party created ruckus in both the Houses of the Parliament and urged Rahul Gandhi to apologise. Several ministers, including the country's Defense Minister Rajnath Singh, made this demand, while Union Minister Giriraj Singh demanded a case of 'treason'. The Defense Minister also urged Speaker Om Birla that the entire House strongly condemn Rahul's statement on democracy. In fact, we have been hearing for a long time that the Parliament, Courts, Media, Democracy, Constitution are ending in the country and the government is being run through dictatorship. It also amounts to contempt of court. The question is how is this possible today? If there was an attempt to destroy democracy and the Constitution by taking it hostage, it was done during the prime ministership of Rahul's grandmother Indira Gandhi, when Emergency was imposed in the country in 1975. Even Indira Gandhi as Prime Minister never spoke anything against India on foreign soil. Learn a lesson from Rahul Dadi only. In India, the constitution, laws, courts and fundamental rights of the average citizen are protected. Elections from Panchayat to Parliament are conducted on time. There is also ideological, political, religious freedom. The Prime Minister is also within the purview of the law of averages.

# Scenario: Need to invest in youth, need to enhance digital skills

According to the latest NSSO survey, a large number of rural youth still do not know how to send emails with attached files, even though it is a basic digital skill. There is a need to enhance digital skills to take advantage of the demographic dividend. Ahead of the 2024 Lok Sabha elections, we are hearing a lot about India's important role in the rapidly changing new world order. We'll also be hearing a lot about the potential demographic dividend. India with its young population is on track to become the fastest growing major economy in the coming years, while China with its aging population is expected to see slower growth after years of rapid expansion. Undoubtedly, India's young population provides a vast window of opportunities. But there are some stark truths that we cannot ignore – having a large young population does not necessarily bring us demographic dividend. For this we need to invest in our youth. The digital divide is one of the most pressing issues in our country and this divide can be seen between people living in cities and villages, between men and women, and in information and communication technology (ICT) skills in different regions of the country. Is. As part of the process of monitoring the Sustainable Development Goals (SDGs), the National Sample Survey Office (NSSO) conducted a multi-indicator survey among 2,76,409 Indian households between January 2020 and August 2021. In that recently released survey report, interesting figures have been given on many issues. Here are some facts on youth aged 15 to 24, who reported ICT skills potential. Overall, the NSSO survey suggests that a large proportion of our youth are not ready to work or study online, despite well-intentioned schemes by the government. Take just one of the nine questions asked to assess computer skills, only about 27 per cent of people aged 15-24 can send emails with attached files, a basic skill in the modern world. But when you look at the disparities within countries, the situation becomes even more dire. The figure for rural women in the same age group is 15.9 per cent, while for urban women the figure is 43.3 per cent. Rural and urban men are far better in this regard than rural and urban women. The urban-rural or gender-gender divide is not the only point of inequality. If you look at the report in totality, there are tables that reveal huge differences between states. In Kerala, 73.5% of rural males between the ages of 15 and 24 use attached files (such as documents, images and videos). ) know how to send email with. In Assam, this figure is 14.4%; In Uttar Pradesh it is 13.2 percent, while in Tamil Nadu this figure is 49.9 percent. 76% of urban males aged 15 to 24 can send email with attached files; In Uttar Pradesh this figure is 35 per cent, while in Tamil Nadu this figure is 69.6 per cent. The situation for young girls aged 15-24 in rural India shows huge disparities – 74.1% of young girls in Kerala can send an email with an attached file. If we compare this with rural Assam, then this figure is only 9.7 per cent there. The NSSO survey also provides several other indicators. All this shows that equal opportunity is not available to all the youth. And this will be reflected in the opportunities they can take advantage of in the world of work. Many reasons account for this. Not every household in poorer states has a computer or more than one cellphone, and access to these devices may be one reason for the wide disparities in ICT skills among Indian youth. There is also a huge divide in access to education. These latest NSSO figures give official acknowledgment of the need to bridge the gap. But this problem has been flagged earlier also. The year 2022 report by Anirban Sharma and Chandola Basu of a leading think tank The Observer Research Foundation has acknowledged the initiatives taken by the Government of India's flagship program Digital India Mission for digital transformation and the employment of youth in the IT/ITES sector. Necessary skill training has been provided to take advantage of the opportunities. But it has also highlighted some major challenges. The Foundation's report states that 'companies have expressed concern about a growing gap in the skills required of workers. In 2020, Indian companies cited skills shortage as their biggest constraint, accounting for 34 per cent of the challenges they felt. In the year 2022, it increased to 60 percent. For example, a Gartner study found that the Indian IT industry now sees talent shortage as the most important barrier (65%) to the adoption of emerging technologies, while demand is expected to grow twentyfold after 2024. Is. The report stresses the need to urgently close the digital skills gap. The India Skills Report, 2022 states that only 48.7 per cent of India's educated youth are employable. Clearly, if India is to realize its potential, more steps must be taken to address these gaps in the country's skills ecosystem. But it also needs to be emphasized that various ICT skills come on top of basic education. OfJust having a phone does not provide the ICT skills that are in demand in the working world. If young boys drop out of school, they will be left behind in every way, including ICT. The wide gap in ICT skills among youth in different partas of the country also reflects the gap in education. This picture must be changed.

# Dr. Ved Pratap Vaidik Smriti Shesh: Sudden demise of the most 'young and old' journalist

Be it small or big, he used to meet everyone easily. He was a source of inspiration for young journalists, and he always had a sense of friendship for his contemporaries. I met Ved Pratap Vaidik ji for the first time when I started working as a sub editor in Navbharat Times, it would be in 1985. Although I was familiar with his personality because of his name and his language movement socialist ideas. Soon my acquaintance turned into intimacy. The movement to abolish the compulsion of English in the Union Public Service Commission examinations and to conduct them in all the Indian languages included in the Eighth List of the Constitution including Hindi. When the dharna and fast started, my closeness with Vaidik ji increased further. However, then he left Navbharat Times and became the editor of Hindi news agency Bhasha. After this, we were continuously together in the struggle against issues like language indigenous and religious hypocrisy, communalism, casteism. Vaidik ji used to actively participate in all the campaigns and movements run by Swami Agnivesh and Kailash Satyarthi and I used to join them as a journalist. The understanding of international issues was wonderful - my meeting and dialogue with Vaidik ji remained continuous. Everyone was impressed by his international understanding and contacts. He had a direct relationship with every big politician of the country and abroad. He was very outspoken in his writing and speech. He never made any deal or agreement with the power or the government. The issues and values he fought for he followed throughout his life. Seniority of age, position and experience never dominated him. Be it small or big, he used to meet everyone with ease. He was a source of inspiration for young journalists, and he always had a sense of friendship for his contemporaries. "Na kahu sun dosti na kahu sun war" was the basic mantra of his life. His meeting with terrorist organization Lashkar-e-Taiba chief Hafiz Saeed became very popular. He received both praise and criticism but he remained undeterred and stuck to his word. Ved Pratap Vedik was unique in many respects and even in the fourth quarter of his life, his activism was more than any youth. In this context, he can be considered as the youngest elderly journalist of Indian journalism at present. In the sudden demise of Ved Pratap Vaidik, the pinnacle of journalism, the country has lost an elderly but extremely active journalist and social worker.

Humble tribute

## Fight against pollution, activism will have to be shown throughout the year to deal with it

The central government may claim that the air of the cities included in the National Clean Air Program has become cleaner, but on the one hand, this improvement is minor and on the other, the air quality in many cities has already deteriorated. The government cannot be satisfied with the National Clean Air Program because many cities of the country are included in the list of polluted cities around the world. According to a report by IQ Air, a Swiss organization, India is at number eight among the most polluted countries in the world. In this report released under the name World Air Quality, it has been told that 65 of the world's top 100 polluted cities are from India. Similarly, in the list of first ten polluted cities, six are from India. These include Delhi as well, where several agencies are active simultaneously to control pollution. After all, how can the government claim any kind of success regarding the National Clean Air Program? Whatever the statistics of this program say, it cannot be ignored that air quality in cities suffering from air pollution is good for only a few days in a year. Most of the time, the level of air quality in them remains worrying. It is high time that the National Clean Air Program is reviewed from the end. Along with this, it also has to be seen that what are the causes of air pollution and whether they are being redressed properly or not? Some of these factors are well known, such as vehicular emissions and dust from roads and construction sites. Apart from this, there are some local reasons in different cities, such as the smoke produced by burning garbage, the use of generators or coal-fired power stations. Only the municipal bodies can solve these reasons properly, but generally they neither have any solid action plan nor willpower to fight pollution. The state governments are responsible for the lack of will. It is clear that the central government will have to put pressure on the state governments to enable their municipal bodies to deal with air pollution. If the National Clean Air Program is to be successful, active participation of the municipal bodies is necessary in it. It should also be understood that to deal with pollution, action has to be taken throughout the year and not when it becomes dangerous. Seriousness should not be shown in fighting air pollution only because it affects the image of the country, but also because it is proving to be dangerous for health.

# गन्ने की उपलब्धता के अनुसार किसानों को गन्ना मिल पर्ची जारी करें-जिलाधिकारी

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विद्युत संबंधी फसल मुआवजा, गन्ना भुगतान, आवारा पशुओ आदि की समस्याओ को प्रमुखता से रखा गया जिस पर जिलाधिकारी ने किसानों की न्यायोचित समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने सहित किसानों की विभिन्न दिक्कतों के त्वरित निराकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया किसानों की जो भी समस्याएं हैं उनका सकारात्मक सोच के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाये और जो भी कार्यवाही की जाये उससे संबंधित को भी अवगत कराया जाये तथा उसकी प्रतिलिपि जिला कृषि अधिकारी को भी भेजे। जिलाधिकारी ने कहा कि संवादहीनता नही होनी चाहिए परस्पर आपसी संवाद बनाये रखें और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए समस्याओं का न्यायोचित समाधान करें, ताकि किसान दिवस की सार्थकता बनी रहें। जिलाधिकारी ने किसानों को अवगत कराया कि किसानों की समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु हर संभव प्रयास किया जायेगा, ताकि किसान अपनी समस्याओं को अवगत करा सके। जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि यदि कोई समस्या है तो वह कार्यालय में आकर भी सीधे अवगत करा सकते हैं। किसान दिवस में गन्ना मूल्य भुगतान एवं विद्युत के संबंध में शिकायतों को प्रमुखता से रखा गया और बताया कि विद्युत विभाग द्वारा अधिक चार्ज लगाया जा रहा है, इस जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि जिन प्रकरणों में विद्युत विभाग द्वारा अधिक चार्ज लगा दिया है अपनी देखरेख में जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। जनपद में मुख्यतः अगवानपुर शुगर मिल द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान समय से न करने पर जिलाधिकारी ने कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए मिल प्रबन्धक को समय से गन्ने का भुगतान करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने गन्न क्रय केन्द्रों पर गन्ना घटतौली के शिकायतों के संबंध में जिला गन्ना अधिकारी को निर्देशित किया कि बाट एवं माप के अधिकारियों के साथ मिलकर गन्ना क्रय केन्द्रों के कांटो को चैक किया जाये, किसान के गन्ने को क्रय केन्द्रों पर सही प्रकार से तौला जाना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने मिल प्रबन्धन को निर्देशित किया कि जिस किसान के पास जितना गन्ना उपलब्ध है उसका सर्वे कराकर समय से गन्ने की पर्ची उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने चकबंदी अधिकारी को निर्देशित किया कि चकबंदी के पुरानें वादों को प्राथमिकता के साथ त्वरित निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि किसान दिवस में आने वाली समस्याओं को नोट कर उनका गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करना सुनिश्चित करें तथा किसानों को भी अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि कृषक बंधु लिखित में शिकायत फोन नम्बर सहित दें, ताकि शिकायत के निस्तारण तथा आपको भी शिकायत के संबंध में जानकारी उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि जो भी शिकायतें आयीं है उनका निस्तारण करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। सभी कृषक अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान करें और मिलते भी रहें ताकि फीडबैक भी मिलता रहें। उन्होंने कहा कि कोई समस्या है तो उसे बतायें जो निदान संभव होगा किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि परिस्थितियों के अनुसार लगातार सुधार हो रहा है और होता रहेगा। जिलाधिकारी ने किसानों की शिकायत पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को जनता से बेहतर संवाद बनाने एवं आपस में सामन्जस्य बनाने के निर्देश दिए। किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी समुति यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सुरेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, उप कृषि निदेशक/जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत ग्रामीण, गन्ना, चकबंदी, मण्डी, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों सहित शुगर मिल के प्रबन्धक एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा कृषकगण उपस्थित रहें।




# सरकारी चिकित्सालयों में मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध करायीं जाये -डी0एम0

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में चिकित्सा एवं परिवार कल्याण, स्वास्थ्य विभाग की डीएचएस, जिला स्वास्थ्य सोसायटी के शासी निकाय की मासिक, जिला पंजीयन प्राधिकरण (चिकित्सा विभाग) की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने नेशनल हेल्थ मिशन, डिस्ट्रिक्ट टास्कफोर्स, रोग आदि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की गहनता पूर्वक बिन्दुवार समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों को और अधिक जनोन्मुखी बनाने एवं गुणात्मक सुधार करने के निर्देश दिये।

बैठक में जिलाधिकारी को स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी ने पीएम जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड की प्रगति पर अवगत कराया कि गत माह 42,609 कार्ड रजिस्टर्ड किये गये है, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि आयुष्मान कार्ड बनवाने में आशा, सीएचओ, आंगनवाडी को लगायें और नियमित प्रगति रिपोर्ट लेते रहें। जिलाधिकारी ने एमओआईसी कांठ एवं डिलारी को निर्देशित किया कि कार्यो में तेजी लायें। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अर्न्तगत जिलाधिकारी को संबंधित अधिकारी ने अवगत कराया कि प्रसव केन्द्रों पर कुल 13,298 बच्चों की डिलीवरी हुई और जन्मजात दोष वाले नवजातों की संख्या 19 है। अच्छी वित्तीय प्रगति की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रगति निरन्तर बरकरार रखें।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाओं की उपलब्धता बनी रहें, इसको सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि डिलीवरी वाली महिलाओं को सरकारी एम्बूलेंस से उनके घर तक छोडा जाये, सरकार ने जो भी सुविधा दी है उनको लाभार्थी को भी उपलब्ध करायें। एमओआईसी द्वारा इस कार्य पर विशेष ध्यान दिया जाये। जिलाधिकारी ने चिकित्सा केन्द्रों पर उपलब्ध मानव संसाधन की समीक्षा करते हुए प्रसव इकाईयों पर तैनात कर्मियों की जिम्मेदारी तय करते हुए ठीक प्रकार से कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना में जिलाधिकारी ने और बेहतर कार्य कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी द्वारा दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं डेटा अपलोडिंग के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कम्युनिटी प्रोसेस के अर्न्तगत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरों के गुणवत्तापरक संचालन तथा स्वास्थ कार्यक्रमों के सुदृढीकरण हेतु एम्बूलेंस सेवाओं, एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों को गुणवत्ता मानकों के अनुरुप संचालित करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मातृ स्वास्थ एवं बाल स्वास्थ कर्यक्रम सहित विभिन्न राजकीय स्वास्थ कार्यक्रमों के जनोन्मुखी क्रियान्वयन के भी निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0एम0सी0 गर्ग, डीएसटीओ मो0 परवेज, एसीएमओ डा0 विश्राम सिंह, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 संजीव बेलवाल, एसीएमओ डा0 एन0के0 कुरेचिया, नोडल अधिकारी, एनयूएचएम नोडल अधिकारी नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, सीएमएस महिला चिकित्सालय, समस्त चिकित्साधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, सी0एच0ओ0, एनएचएम मुरादाबाद, अर्बन हेल्थ कोर्डिनेटर, डीएनसी, डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ के प्रतिनिधि, डीपीएम रघुवीर सिंह, कोर पीसीआई के डा0 जावेद एवं रजनी, वीसीसीएम, यूएनडीपी, आईसीडीएस व जेएसआई के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# स्मार्ट सिटी में पेयजल का संकट, सार्वजनिक प्याऊ की टूटी हैं टोटियां...अधिकारियों के दावे हवा-हवाई

मुरादाबाद-गर्मी बढ़ने के साथ लोगों के हलक सूखने लगे हैं। प्यास बुझाने के लिए बेहतर प्रबंध के दावे का दम भी गर्मी में निकल रहा है। 33 डिग्री तापमान में कड़ी धूप से पसीना निकलने पर लोग प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश में भटक रहे हैं। ऐसे में स्मार्ट सिटी में उन्हें प्यास बुझाने के लिए बोतलबंद पानी का ही सहारा है। क्योंकि सार्वजनिक प्याऊ का हाल बेहाल है। स्मार्ट सिटी मिशन में लगे वाटर एटीएम की संख्या शहर के दस लाख से अधिक की आबादी के लिए अपर्याप्त साबित हो रही है। स्वच्छ पेयजल देने के सरकार के दावे स्मार्ट सिटी में बेमानी हैं। घर से निकलते समय यदि आपके पास पानी की बोतल नहीं है तो गला सूखने पर आपको स्मार्ट सिटी में पानी के लिए भटकना पड़ेगा। या फिर दुकानों से बोतलबंद पानी लेकर ही प्यास बुझानी पड़ेगी। कारण, महानगर में सार्वजनिक प्याऊ खस्ताहाल है। कहीं टोटी टूटी हैं तो कहीं पानी की पाइप लटक रही है। वाटर पोस्ट पर जमी काई से लगता है कि यहां लंबे अरसे से सफाई के नाम पर कुछ नहीं किया गया। यह स्थिति जिला एवं सत्र न्यायालय के मुख्य प्रवेश द्वार के पास, जेल रोड, आंबेडकर पार्क के सामने और गांधी पार्क के सामने की है। जहां सुबह से लेकर देर शाम तक चहल-पहल रहती है। कहीं फरियादियों की भीड़ है तो कहीं बंदियों से मिलने वाले लोगों को सड़क किनारे पानी के लिए प्याऊ ( वाटर पोस्ट ) पर आकर भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इसका फायदा 15-18 रुपये की एक लीटर पानी की बोतल को 20 रुपये में बेचने वाले दुकानदार उठा रहे हैं।








## 10 जून को प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद ने किया था लोकार्पण

स्मार्ट सिटी के तहत शहर में लगे सोलर आधारित वाटर एटीएम का पिछले साल 10 जून को पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकार्पण किया था। इसका उद्देश्य सस्ता व स्वच्छ जल लोगों को उपलब्ध कराना था। इस वाटर एटीएम में दो रुपये का सिक्का डालने पर एक लीटर सादा पानी और चार रुपये में ठंडा पानी मिलता है। जबकि बाजार में एक लीटर बोतल बंद पानी 20 रुपये में मिल रहा है।

## स्मार्ट सिटी मिशन के वाटर एटीएम कहीं ठीक, कहीं खराब

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शहर में 2.93 करोड़ रुपये से सोलर आधारित 20 वाटर एटीएम लगाए गए हैं। इसके जरिए सस्ता और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का उद्देश्य है। लेकिन, उचित रखरखाव न होने से कई मशीन पर ठंडा पानी नहीं मिल रहा है। हालांकि, इसकी बेहतर मानीटरिंग का दावा निगम और स्मार्ट सिटी मिशन के अधिकारियों का है। वह कहते हैं कि हर वाटर एटीएम पर केयर टेकर की निगरानी है। हालांकि, कई बार वाटर एटीएम खराब होने की जानकारी अधिकारियों तक नहीं पहुंचती, भले ही एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से पूरे शहर की 263 कैमरे से निगरानी की बात कही जा रही है। स्मार्ट सिटी मिशन के नोडल अधिकारी टीएन मिश्र कहते हैं कि वैसे तो सभी वाटर एटीएम क्रियाशील हैं। यदि किसी जगह विशेष पर खराबी होगी तो उसे ठीक कराएंगे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# घनी दाढ़ी, दरम्याना चेहरा...ऋषिदेव शर्मा रोहतक के आर्ट्स विवि में गुनगुना रहे फोटोग्राफी का तराना




मुरादाबाद-घनी दाढ़ी, दरम्याना चेहरा और गजब का इत्मीनान। जी, हां हम बात कर रहे हैं सिनेमाफोटोग्राफी के दक्ष और मुरादाबाद के लाल ऋषिदेव शर्मा की। माटी का यह लाल रोहतक में एक प्रोजेक्ट फिल्म शूट कर रहा है। हरियाणा कला परिषद एवम यश बाबू चैरिटेबल ट्रस्ट ने उन्हें यशस्वी गौरव सम्मान के लिए चुना है। जहां बेस्ट डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी अवार्ड्स दिया जाएगा। ऋषिदेव पंडित लक्ष्मी चंद्र स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स रोहतक (हरियाणा) में एक प्रोजेक्ट फिल्म शूट कर रहे हैं। अमृत विचार से बातचीत में फिल्म निर्देशक ऋषिदेव शर्मा कहते हैं कि हमने साल 1988 में इस क्षेत्र में कदम रखा। दिल्ली दूरदर्शन के स्टिंगर कैमरामैन के रूप से में सेवा शुरू की। 50 से अधिक सीरियल की शूटिंग कर चुका हूं। बांसुरी, प्रेमकथा के बाद जल्द पा-मॉ हिंदी फिल्म आने वाली है। तीसरी फिल्म के निर्देशन के लिए मुझे फिल्मकार परीक्षित साहनी ने हौसला बढ़ाया है। मेरे प्रयास और किन्नरों के जीवन आधारित फिल्म बनाने की तारीफ और शुभकामनाएं भेजी है। वर्षो से मुंबई में फिल्म निर्देशक, सिनेमेटोग्राफर ऋषिदेव को बेस्ट डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी अवार्ड्स देने के लिए निमंत्रण मिला है। सोमवार को रोहतक में पंडित लक्ष्मी चंद्र विजुअल आर्ट्स विश्व विद्यालय के चांसलर प्रसिद्ध कलाकार गजेंद्र चौहान ने प्रयास की सराहना की। शर्मा कहते हैं कि मुझे मुंबई से म्यूजिक वीडियो प्रोजेक्ट का बुलाया आया है। जबकि, हम रोहतक की फिल्म की शिक्षा में डिग्री देने वाले विश्व विद्यालय में एक माह से फिल्म निर्देशन और सिनेमाफोटोग्राफी की जानकारी दे रहे हैं। बताते हैं कि बालाजी टेलीफिल्म्स, जॉय मुखर्जी फिल्मालय स्टूडियो, बलराज साहनी प्रॉडक्शन के लिए दर्जनों डेली सोप और कॉपोरेट फिल्म कर चुके हैं। शर्मा का मानना है कि बस हमेशा काम से सीखते रहो। हर क्षेत्र में टेक्निक रोजाना बदल रही है। फिल्म सीरियल में रोजाना ही परिवर्तन हो रहा है। वह चाहे शॉट डिवीजन हो या शूट। कुछ न कुछ क्रिएटिव होना ही पड़ेगा

# प्रदेश में 10,000 पंजीकृत ई-रिक्शा वाला पहला जिला बना मुरादाबाद




दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद -पंचायत भवन सभागार परिसर में आज मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने आई0एम0 प्राउड वैलिड ई-रिक्शा स्वामियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। आयुक्त ने इस अवसर पर बताया कि शहर में किसी की आजीविका को प्रभावित किए बिना वैध ई-रिक्शा चलाने के कार्यक्रम के अर्न्तगत लगभग 10 हजार वैलिड ई-रिक्शा वाला मुरादाबाद पहला जनपद है। उन्होंने कहा कि सभी वैलिड ई-रिक्शा स्वामियों को पेटीएम क्यू0आर0कोड भी उपलब्ध कराया गया है ताकि किराया लेने में किसी तरह की असुविधा न हों। उन्होंने कहा कि फर्जी ई-रिक्शा हटाकर वैलिड ई-रिक्शा लेने हेतु जागरुकता कार्यक्रम का सभी वैध ईरिक्शा स्वामी जागरुकता फैलाएं ताकि और लोग भी वैलिड ई-रिक्शा लेकर अपनी आजीविका को ठीक प्रकार से चला सके। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि वैलिड ई-रिक्शा मालिक की सुरक्षा भी होगी और हमारा प्रयास रहेगा कि आपकी आजीविका प्रभावित न हों और ज्यादा से ज्यादा कमाई हो। इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सुरेन्द्र सिंह, आरटीओ प्रशासन भीमसेन सिंह, एसपी टैऊफिक सुभाष चन्द्र गंगवार, आरटीओ प्रवर्तन आर0के0 सिंह, एआरटीओ प्रथम आनन्द निर्मल, एआरटीओ द्वितीय अनिल कुमार, एसपी सिटी कपिल रस्तोगी एंव ई-रिक्शा स्वामी तथा डीलर उपस्थित रहें।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# कलेक्टर ने स्कूल, छात्रावास, आश्रम, स्वास्थ्य केंद्र, रीपा एवं सड़क का किया निरीक्षण

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया ने आज गौरेला विकासखंड के ग्राम पंचायत धनौली में स्कूल, छात्रावास, आश्रम, स्वास्थ्य केंद्र, रीपा एवं सड़क का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनौली में अगले शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ हो रहे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की तैयारी तथा अधोसंरचना निर्माण के बारे में जानकारी ली। इस विद्यालय पूर्व से 22 रूम (स्टाफ सहित) संचालित है। यहां शाला भवन के ऊपर एक हाल और तीन लैब रूम बनना प्रस्तावित है। कलेक्टर ने प्रस्तावित कार्यों के ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन किया तथा शाला स्टाफ की जानकारी ली। उन्होने शाला



परिसर में स्थित विशेष पिछड़ी जनजाति आवासीय विद्यालय और बैगा बालक एवं बालिका छात्रावास का भी अवलोकन किया। उन्होंने आवासीय विद्यालय में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, बच्चों की दर्ज संख्या, पढ़ाई लिखाई का स्तर, परिसर में साफ-सफाई, बिजली, पानी, शौचालय आदि का अवलोकन किया। कलेक्टर ने बच्चों के क्लास रूम में जाकर उनके पढ़ाई लिखाई के स्तर की परख की। उन्होंने पहली कक्षा के बच्चों को अक्षर ज्ञान तथा मात्राओ की बार-बार अभ्यास कराने, कमजोर बच्चों की अलग से क्लास लेने तथा अपनी जिम्मेदारी का सही ढंग से निर्वहन करने के निर्देश शिक्षकों को दिए। कलेक्टर श्रीमती महोबिया ने उप स्वास्थ्य केंद्र धनौली पहुंचकर ओपीडी, महिला वार्ड, प्रसव कक्ष, स्टाफ की नियमित उपस्थिति आदि का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने धनौली गौठान में रीपा की प्रगति तथा निर्माणाधीन अधोसंरचना, गोबर पेंट इकाई तथा मशीन आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने लेबारों की संख्या बढ़ाकर निर्माणधीन शेड का फ्लोरिंग, प्लास्टर, बाउंड्री सहित बिजली कनेक्शन आदि कार्य 15 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गौरेला सर्किट हाउस से करंगरा तक लगभग 16 किलोमीटर प्रस्तावित सड़क नवीनीकरण कार्य का मुआयना कर जानकारी ली। इस मार्ग के लिए। 11 करोड़ 81 लाख रुपए स्वीकृत है। निरीक्षण अधिकारी लोक निर्माण श्री एन के साहू, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एनआर चंद्रा, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ वी के पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जीपीएम पुलिस ने किया महिला जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जीपीएम पुलिस ने पुलिस कण्ट्रोल रूम मे महिलाओं का सम्मान तथा महिला जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस विभाग द्वारा लिनेश क्लब, परिवार परामर्श केंद्र एवं मौजूद महिला जनप्रतिनिधियों ने महिला दिवस पर अपने अपने विचार साझा किये। सभी ने महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। सभी ने महिलाओं को प्राप्त अधिकारों पर चर्चा की। अर्चना पोर्ते ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, आज की महिला, पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। अर्चना पोर्ते ने एसपी योगेश पटेल को जिले के थानों मे महिला थाना प्रभारियों की नियुक्ति के लिए धन्यवाद देकर महिला सशक्तिकरण का पक्षधर बताया कलेक्टर श्रीमती महोबिया ने कहा कि




आशा मानता की भावना अपने ही घर से शुरू होती है जिसे दूर करना बेहद जरूरी है अपनी बच्चियों को पढ़ाएं स्वावलंबी बनाएं बेटा बेटी में फर्क ना समझे दोनों समान है पुलिस अधीक्षक श्री पटेल उपस्थित महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि पूरे विश्व की जनसंख्या का लगभग 50त्न जनसंख्या महिलाएं हैं

आज अलग-अलग क्षेत्रों में महिलाएं विभिन्न उपलब्धियां हासिल की है उन्हें प्रोत्साहित करें महिलाएं आगे बढ़ रही हैं महिलाओं का विकास होगा तभी हम स्वर्णिम भविष्य की कल्पना कर सकते हैं शिक्षिका सरोज पवार ने वात्सल्य प्रेम से भरी कविता सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया।

कार्यक्रम मे मौजूद नपं अध्यक्ष राकेश जालान ने अपने वक्तव्य मे सभी को महिला दिवस और होली की शुभकामनायें दी और बताया कि हर सफल पुरुष के पीछे एक महिला का हाथ होता है। अंत मे कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया और पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य अर्चना पोर्ते, पेंड्रा नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जालान, उपाध्यक्ष पंकज तिवारी, समाजसेवी पवन सुल्तानिया, सत्यप्रकाश फरमानिया, गौरेला नगर पंचायत अध्यक्ष गंगोत्री राठौर, उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल, प्रशांत श्रीवास, अमोल पाठक, मुकेश दुबे, ममता पैकरा, समीरा पैकरा सहाना बेगम जयलेश सिंह विद्या राठौर सुनीता राठौर प्रेमवती चितरानी जयसवाल गुलाब द्विवेदी ज्योति छतरी श्वेता तवर गिरजा रानी श्वेता मिश्रा मालती वाकरे बूंद कुंवर ओमवती पेंद्रो उमा पाव माधुरी श्याम सुनीता पूरी मधु उपाध्याय ज्योति दुबे ज्योति तिवारी मोनी चट्टोपाध्याय शोभा पाठक प्रतिभा जैन लक्ष्मी तूकेल कस्तूरी मिश्रा सहित जिले के तमाम जनप्रतिनिधि और जिले की कलेक्टर प्रियंका महोबिया, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, एसडीओपी अशोक वाड़ेगांवकर सहित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# कालेजों के प्राचार्यों के साथ बाल विवाह रोकने हेतु पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- सामाजिक संस्था सद्भावना की तरफ से बाल विवाह रोकने के लिए पुलिस कार्यालय सभागार कक्ष में प्राचार्य सदन की बैठक/कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 63 कालेजों के प्राचार्यो ने प्रतिभाग किया। सामाजिक संस्था सद्भावना द्वारा पुलिस कार्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित बाल विवाह के खिलाफ एक अभिनव प्रयोग । प्राचार्य सदन की ओर से भूदेश्वर पांडेय, प्रधानाचार्य जगत जीत इंटर कॉलेज इकौना ने बाल विवाह रोकने के लिए विस्तृत रूप से विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान सिख समाज की ओर से हरप्रीत कौर ने पुलिस



अधीक्षक श्रावस्ती को तलवार भेंट की गई, काजल रिजवानी ने पगड़ी, ओमकार नाथ ने तथागत बुद्ध की प्रतिमा तथा सद्भावना संस्था की ओर से मां सरस्वती की प्रतिमा भेंट की गई, इंसान सिंह उर्फ भूरे ने फल की टोकरी भेंट की गई वही सद्भावना की किशोरियों ने अंग वस्त्र भेंट किए। पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती द्वारा अपने वक्तव्य में बताया कि श्रावस्ती में बाल विवाह के यक्ष प्रश्न को पुलिस हर संभव तरीके से हल करेगी, उन्होंने बताया कि थाना प्रभारियों के साथ-साथ सभी बीट पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किया जा रहा है कि वह अपने क्षेत्र में भ्रमण के दौरान यदि कोई बाल विवाह संबंधी प्रकरण सामने आता है तो इसकी सूचना तत्काल दर्ज कराएंगे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके क्षेत्र में जो तिलकोत्सव या विवाह कहां और किसका संपन्न हो रहा है, इसकी भी जानकारी प्राप्त करेंगे। इसमें आप सबकी भागीदारी बहुत जरूरी है। क्योंकि कहीं ना कहीं जो छात्र-छात्राएं आपके यहां अध्ययनरत हैं और उनका बाल विवाह हो रहा है तो आप सभी को इसकी जानकारी पहले हो सकती है। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि इसके लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जा रहा है, जिसमें सभी प्रधानाचार्यो का नंबर जोड़ा जाएगा। यदि किसी के द्वारा ग्रुप पर बाल विवाह संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी। उस प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए उस पर हर संभव कार्यवाही की जाएगी, इसका आश्वासन दिया गया।साथ ही पुलिस अधीक्षक पीआरओ का सीयूजी 9454402480 पर भी बाल विवाह संबंधी सूचना दी जा सकती है। जनपद भर से 63 कॉलेजों के उपस्थित प्राचार्यों ने पुलिस अधीक्षक के इस सराहनीय कदम को बल प्रदान करते हुए अपने कालेज परिसर से ताकत देने की बात कही गई और बताया कि आगामी शिक्षा सत्र से प्रार्थना के पश्चात बाल विवाह के खिलाफ संकल्प की परंपरा प्रारंभ की जाएगी।

# सुगम एवम् सुव्यवस्थित यातायात हेतु जीपीएम पुलिस की पहल





ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-पहले दी समझाइश, अब की जा रही कार्यवाही बिना हेलमेट, तीन सवारी मोटरसाइकिल, मोबाइल का उपयोग कर वाहन चलाने, बिना सीट बेल्ट के फोर व्हीलर चलाना, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करना एवं बिना लाइसेंस वाहन चलाने वालों पर की गई कार्यवाही 250 वाहनों की, की गई चेकिंग, 65 वाहन चालकों पर की गई कार्यवाही, कुल समन शुल्क ?41,500/- किया गया वसूल सुगम एवम् सुव्यवस्थित यातायात के लिए पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा, उप पुलिस अधीक्षक अशोक वाडेगावकर एवं यातायात उप पुलिस अधीक्षक आई तिर्की के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी के द्वारा थाना पेंड्रा क्षेत्र अंतर्गत दुर्गा चौक, दुबरिया तिराहा, एवं थाना गौरेला क्षेत्र अंतर्गत अमरकंटक चौक, संजय चौक, न्यायालय तिराहा पर चेकिंग लगाकर तीन सवारी - बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चालकों, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों, नो पार्किंग पर वाहन खड़ा करने वाले चालकों के ऊपर 500-500? का जुर्माना, मोबाइल का इस्तेमाल करते हुए वाहन चलाने वालों के ऊपर 1000 -1000 का जुर्माना इस प्रकार कुल 250 वाहनों की चेकिंग कर 65 वाहन चालकों के ऊपर कार्यवाही करते हुए ?41,500 शमन शुल्क वसूल किया गया एवं इनके अलावा भी वाहन चालकों को एकत्र कर समझाइश भी दिया गया तीन सवारी ना चले, दो पहिया वाहन पर हेलमेट लगाकर चले,

चार पहिया वाहन में सीट पर लगाकर, भाई जो भी हो व तेज रफ्तार से गाड़ी ना चलाएं उक्त कारवाही में यातायात के उपनिरीक्षक अमरनाथ शुक्ला, आरक्षक देवनारायण राठौर, आरक्षक दिनेश उदय का विशेष योगदान रहा।

# अथक प्रयासों का सफल फल मिलाता है, डॉक्टर आशुतोष गंगवार



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली-नवाबगंज विकासखंड के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ आशुतोष गंगवार के अथक प्रयासों द्वारा ग्राम पंचायत लाईखेड़ा में गौशाला का निर्माण पूर्ण हो गया ,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने सभी ग्राम वासियों एवं क्षेत्र वासियों से अनुरोध किया कि वह अपने आवारा पशुओं को गौशाला में लाकर छोड़ सकते हैं । गुरूवार से ही गौशाला में पशुओं की भर्ती शुरू हो जाएगी ,

इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के साथ वीडियो महेश चंद्र शाक्य ,प्रधान द्वारिका प्रसाद, प्रधान अफजाल ,प्रधान बाबूराम ,सचिव भगवान दास, गंगाराम एवं बहुत से ग्रामवासी और क्षेत्र की जनता मौजूद रही।

# पेंड्रा बाईपास रोड के संबंध में कलेक्टर ने मौका मुआयना कर जानकारी ली



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया ने आज जिले की बहुप्रतीक्षित पेंड्रा बाईपास रोड के संबंध में मौका मुआयना कर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। शहर के मध्य यातायात का दबाव कम करने तथा सुरक्षित एवम सुगम यातायात के लिए पेंड्रा बाईपास रोड का निर्माण अति आवश्यक है। इस कार्य को प्राथमिकता से कराने के लिए कलेक्टर श्रीमती महोबिया ने सेमरा तिराहा, अमरपुर, बरेजहापारा एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पेंड्रा का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। पेंड्रा बाईपास रोड के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग श्री एन के साहू ने बताया कि पेंड्रा बाईपास रोड के लिए सेमरा तिराहा, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी होते हुए दोबटिया अमरपुर तक शहर के बाहर-बाहर 13 किलोमीटर सड़क का पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार किया गया है।

इसकी लागत भू अर्जन मिलाकर 101 करोड़ 38 लाख रुपए है। इसमें 7 गांवो-अमरपुर, भदौरा, सेमरा, पेंड्रा, बंधी, अढभार एवं कूड़कई की 39.96 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित किया गया है। बाईपास सड़क के लिए प्रथम चरण में 54 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

# वार्षिक परीक्षाफल पाकर खिले मासूमों के चेहरे



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली- रिठौरा-नगर के पी0एन0दीवान पब्लिक स्कूल में बुधवार को वार्षिक खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।सभी टापर्स बच्चों को 31मार्च को एक सादे



परीक्षाफल वितरित किया गया।सत्र 2022-2023में विद्यालय का परीक्षा -फल शत-प्रतिशत रहा है। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता ने सभी सफ़ल बच्चों को उनके बेहतर परिणाम पर समारोह के दौरान सम्मानित किया जाएगा।इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक राजेन्द्र सक्सेना, दीपिका बनर्जी,सुलभ अग्रवाल, पुष्पेन्द्र कुमार सहित स्टाफ मौजूद रहा।

# महिला सफाई मित्रों को किया सम्मानित

अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- विगत अन्तर्राष्ट्रीय महिला सम्मान दिवस व ''10 तक'' डोर-टू-डोर अभियान के अन्तर्गत नगर पंचायत इकौना में कार्यरत महिला सफाई मित्रो के द्वारा निकाय क्षेत्रान्तर्गत उत्कृष्ठ सफाई कार्य करने पर क्रमशः



मालती देवी, मीता, छाया को अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत इकौना विनीत कुमार के द्वारा प्रशंसा पत्र व एक-एक झोला वितरित किया गया। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकौना के द्वारा वोकल फॉर लोकल एवं स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 हेतु एहसानउल्ला चौधरी निवर्तमान सदस्य वार्ड संख्या-05 गौतम नगर को ब्रांड एम्बेसडर नामित किया। इस अवसर पर डी0पी0एम0 परमानन्द साहनी, डी0सी0 निखिल कुमार, सौरभ आर्य, भगतराम यादव, रितेश कुमार, राजमणि वर्मा, सतीश कुमार, संतोष बाल्मीकि सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# 66 में 40 सहकारी समितियों पर नहीं होगा मतदान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा-जनपद में सहकारी समिति के डायरेक्टर पद के लिए नामांकन हुए। 66 सहकारी समितियों में 40 समितियों के डायरेक्टर पदों पर एक-एक ही नामांकन आया। ऐसे में इनका निर्विरोध चुना जाना तय है। सुबह नौ बजे से शाम तक चुनाव से जुड़े अधिकारी नामांकन प्रक्रिया को पूर्ण कराने में जुटे रहे। सभी वार्डों पर दो-दो चुनाव अधिकारी बनाए गए थे। एआर कोआपरेटिव डा. महवीर सिंह ने बताया कि 66 सहकारी समितियों 594 पदों पर नामांकन होना था। इसके सापेक्ष मंगलवार को 476 नामांकन पत्र आए। 108 वार्डों पर अब चुनाव होना है। जो निर्विरोध चुने जाने तय है उसमें ब्लॉक शीतलपुर में छह समितियों में सभी पर एक-एक ही नामांकन पत्र आया। ऐसे ही ब्लॉक सकी पर आठ में दो समितियों के वार्डों पर चुनाव नहीं होगा। ब्लॉक निधौली कलां 11 में चार, मारहरा की तीन समितियों में किसी भी पर एक-एक नामांकन पत्र नहीं आया है। ऐसे में यहां तीन समितियों पर मतदान होगा। ऐसे ही ब्लॉक अलीगंज में 16 में 15 पर समितियों पर चुनाव नहीं होगा। ब्लॉक जैथरा आठ में आठ समितियों पर निर्विरोध होना तय है। ब्लॉक अवागढ़ सात में दो, जलेसर सात में तीन पर चुनाव नहीं होगा। कुल 723 नामांकन आए है। ब्लाक शीतलपुर में नहीं होगा मतदान ब्लाक शीतलपुर पर सुबह से ही लोग सहकारी समितियों की नामांकन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पहुंच गए। भाजपा के पदाधिकारियों को यहां देखरेख के लिए लगाया गया था। दोपहर तक निर्विरोध करने के लिए रस्साकसी चलती रही। देरशाम तक नामांकन प्रक्रिया के बाद एक-एक ही आवेदन शेष बचे। ऐसे में सभी सहकारी समितियों के डायरेक्टर निर्विरोध चुना जाना तय हो गया।

## मारहरा ब्लॉक की सभी सहकारी समितियों पर होगा मतदान

क्षेत्रीय साधन सहकारी समिति मिरहची, मारहरा और भोजपुर संचालक चुनाव के लिए मंगलवार दोपहर तक तीनों समितियों में लगभग पांच दर्जन नामांकन पत्र बिके। सहकारी समिति मिरहची के नौ वार्ड पर 10 नामांकन, मारहरा पर 17, भोजपुर पर 29 नामांकन हुए। प्रत्येक प्रत्याशी के साथ आने वाले प्रस्तावक, अनुमोदकों को ब्लाक से बाहर करवा दिया।

## जलेसर में 63 में से 54 वार्ड में निर्विरोध निर्वाचन तय

सहकारिता क्रय-विक्रय समिति चुनाव को ब्लॉक कार्यालय में मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। नामांकन प्रक्रिया में सात वार्ड के 63 संचालकों में से 54 पर एक-एक नामांकन से निर्विरोध निर्वाचन तय मना जा रहा है। सात वार्ड पर चुनाव की संभवना बनी हुई है। बीडीओ पीएस आनंद ने बताया कि साथा नबीपुर, पटना, महानमई, ऊंचागांव, सकरौली, शाहनगर टिमरूआ, चैनपुरा में निविर्राध निर्वाचन तय है। नामांकन के दौरान जिला कोऑपरेटिव अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## ब्लॉक निधौलीकलां में 73 सदस्यों ने किया नामांकन

निधौलीकलां ब्लॉक क्षेत्र की 11 साधन सहकारी समिति सदस्य चुनाव को 73 नामांकन हुए है। इसमें पिलुआ के 9 वार्ड में से चार पर एक-एक नामांकन हुआ है। यहां पांच वार्ड में चुनाव होगा। सोगरा पर 9 वार्ड पर एक-एक नामांकन, कपरेटा पर नौ में से पांच पर एक-एक, चार पर चुनाव होगा। अढ़ापुर में नौ में से आठ पर एक-एक नामांकन और एक पर चुनाव होगा। निधौलीकलां के नौ वार्ड पर एक-एक नामांकन, निधौलीकलां पर नौ वार्ड में पांच पर एक-एक, चार पर चुनाव, गठुर्रा पर नौ में से तीन पर एक-एक नामांकन, छह पर चुनाव, गहेतु पर नौ पर एक-एक नामांकन, बावसा पर नौ में से सात पर एक-एक नामांकन, दो पर चुनाव, खेड़ा बसुंधरा के नौ वार्ड पर छह पर एक-एक नामांकन और तीन पर चुनाव, नगला गलू के नौ वार्ड पर एक-एक नामांकन हुआ है। इस प्रकार आठ वार्ड में संचालक के लिए चुनाव होगा।

## अलीगंज में 133 पर एक-एक, छह पर नामांकन नहीं, पांच पर चुनाव

ब्लॉक अलीगंज की 16 सहकारी समिति के 144 वार्ड में से 133 पर एक-एक नामांकन हुआ है। छह वार्ड में एक भी नामांकन नहीं हुआ है। जबकि पांच वार्ड में चुनाव होने की संभावना बन रही है। मंगलवार को ब्लॉक सभागार में कड़ी सुरक्षा के बीच नामांकन हुए। ब्लॉक की अंगरैया जमुनाई, उभई असदनगर, गढ़ी ककोड़ा, दहेलिया पूठ, मोहम्मद नगर बझेरा, नावर, अगौनापुर, बुलाकी नगर, नया गाँव, कलुआटील पुर, देवतरा, हत्सारी, अलीगंज, अकबर कोट, विल्सड पुवायां, राजा का रामपुर की प्रारंभिक समिति संचालक को नामांकन हुए। राजा का रामपुर के पांच वार्ड और देवतरा के एक वार्ड पर कोई भी नामंकन नहीं आया। 133 पर एकल नामंकन होने पर निर्विरोध होना लगभग तय है।

# लाखों रुपये खर्च कर लगाए वाटर कूलर, खुद ही प्यासे खड़े

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा- गर्मियों के दिनों में शुद्ध और शीतल पेयजल की सुविधा मुहैया कराने लिए शहर में लाखों के बजट से लगवाए गए अधिकांश वाटर कूलर पिछले वर्ष से अब तक खराब पड़े है। इसके कारण स्थानीय लोगों एवं राहगीरों पेयजल संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पिछले वर्ष तत्कालीन नगर पालिका ईओ डॉ. दीप कुमार वार्ष्णेय ने शहर के गली मोहल्लों, मुख्य मार्गों, बाजारों, धार्मिक स्थल, बस स्टैंड एवं विद्यालयों के बाहर 29 लाख 50 हजार के बजट से कुल 25 वाटर कूलर लगवाए थे। इतना बजट खर्च करने के बाद लगाए गए अधिकांश वाटर कूलर खराब पड़े होने शहर में पेयजल के लिए लोगों को परेशानियों का वैसे ही सामना करना पड़ रहा है। इन स्थानों पर खराब पड़े है वाटर कूलर ठंडी सडक स्थित काली मंदिर गेट पर, गांधी स्मारक इंटर कॉलेज गेट पर, रोडवेज बस स्टैंड के सामने, होली मोहल्ला स्थित सरदार गैस सर्विस के पास, घंटाघर स्थित सब्जी मंडी चौक, राम दरवार मंदिर के बाहर, शिवसिंहपुर तिराहा आदि स्थानों पर लगाए गए वाटर कूलर पिछले वर्ष से अब तक बंद पड़े है। जिससे रागहीरों को पेयजल के नाम पर मुंह चिढा रहे है। खराब पड़े वाटर कूलरों को ठीक कराने के लिए संबंधित कार्यदायी संस्था को पत्र लिखा गया है। अभी वाटर कूलर वारंटी में होने के कारण उन्हें ठीक करने की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की ही है। अगर संस्था खराब वाटर कूलरों को ठीक नहीं कराती है तो कार्रवाई की जाएगी।-एसके गौतम, ईओ, नगर पालिका एटा, शुद्ध एवं शीतल पेयजल की सुविधा के लिए शहर में लाखों के बजट से लगाए गए अधिकांश वाटर कूलर पिछले वर्ष से अब तक खराब पड़े हैं। पालिका की अधिकारियों की लापवाही के चलते वाटर कूलरों को ठीक नहीं कराया जा रहा है। लोग गर्मी में भी पेयजल के लिए इधर-भटक रहे है।-सुजीत देव वार्ष्णेय, पूर्व सभासद, बाजार में लगे वाटर कूलर अभी से नहीं बल्कि लगने के कुछ महीनें बाद से ही अब तक खराब हैं। दुकानदारों ने नगर पालिका अधिकारियों को कई बार खराब पड़े वाटर कूलरों को ठीक कराने के लिए शिकायत की। उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।-शोक चौहान व्यापारी नेता

# तुलसी सम्मान से विभूषित हुए एडि. एस.पी.

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




एटा- कासगंज- अपर पुलिस अधीक्षक जनपद कासगंज जितेंद्र कुमार दुबे को उनके काव्य संग्रह माटी की खुशबू के लिए तुलसी सम्मान से विभूषित किया गया है। यह सम्मान उन्हें 1 मार्च को एटा जनपद में आयोजित हुए हैं नशा मुक्त समाज आंदोलन में केंद्रीय शहरी विकास मंत्री कौशल किशोर जी के द्वारा प्रदान किए जाना किया जाना था परंतु उपस्थित न होने के कारण आज उनके कार्यालय में सामाजिक कार्यकर्ता, जेल सुधारक एवं विश्व रिकॉर्ड होल्डर डॉ.प्रदीप रघुनंदन ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। श्री जितेंद्र दुबे पुलिस अधिकारी होने के साथ-साथ एक कवि भी हैं और अपनी लेखनी के माध्यम से भारतीय समाज, संस्कृति,एवं सामाजिक सरोकारों को अपनी लेखनी के माध्यम से काव्यात्मक अभिव्यक्ति देते हैं। तुलसी सम्मान से विभूषित किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र दुबे ने कहा कि पुरस्कार व्यक्ति को प्रेरणा देने का काम करते हैं और वह अपने क्षेत्र में और अधिक उत्साह के साथ लगता है और अपना सर्वोत्तम देने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा के माटी की खुशबू भारतीय संस्कृत की झांकी है जिसके माध्यम से व्यक्ति के बचपन से लेकर उसके युवावस्था और जीवन के अन्य प्रसंगों को शब्दों के जरिए कविताओं में डाला गया है। अपार पुलिस अधीक्षक जितेंद्र दुबे को तुलसी सम्मान प्रदान करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता, जेल सुधारक डॉ प्रदीप रघुनंदन ने कहा कि माटी की खुशबू के माध्यम से जितेंद्र जी ने एक ऐसी अभिव्यक्ति को शब्द देने का प्रयास किया है जो भारतीय संस्कृत को परिभाषित करती है। उन्होंने बताया कि माटी की खुशबू में 100 कविताएं हैं जो भिन्न-भिन्न भाव को प्रदर्शित करती हैं। डॉ रघुनंदन ने कहा कि विशिष्ट साहित्यिक कृति माटी की खुशबू खुशबू की रचना के लिए श्री जितेंद्र को तुलसी सम्मान से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ लालाराम पल्लव, राहुल मिश्रा लालता प्रसाद, देवेंद्र कश्यप, राघव मिश्रा, हनीफ, ललितेश शाक्य, यतेंद्र तिवारी पीयूष भार्गव मोहम्मद कमर, डॉक्टर आर्यन मिश्रा, डॉक्टर आर एस तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# हड्डी जोड झौलाछाप चुन्नू खां का क्लीनिक किया गया सील, हडकंप



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- डीएम अंकित अग्रवाल व सीएमओ डा. उमेश कुमार त्रिपाठी के संयुक्त निर्देशन में अवैध चिकित्सा व्यवसाय के नोडल डिप्टी सीएमओ डा. सर्वेश कुमार की टीम द्वारा होली पर्व की खुमारी उतरते ही सकीट कस्बे में हड्डी जोड झौलाछाप चुन्नू मियां का क्लीनिक सील कर बडी कार्यवाही को अंजाम दिया गया है ! हड्डी जोड झौलाछाप चुन्नू खां के पास एटा जिले के अलावा मैनपुरी व फिरोजाबाद जनपद के मरीजों की बहुत बडी भरमार थी ! सूत्र बताते है कि उक्त हड्डी तोड विशेषज्ञ के छप्परनुमा विशाल क्लीनिक में कई युवा कर्मचारी हड्डी टेडी व सीधी कर उस पर प्लास्टर चढाने का कार्य किया करते है ! मरीजों को सस्ती जुगाड के चलते उक्त हड्डी तोडजोड झौलाछाप काफी रास आ रहा था !

कई वर्षों से चुन्नू खां इस छप्परनुमा क्लीनिक में प्रेक्टिस कर लाखों रूपयों के न्यारे ब्यारे कर चुके है ! डिप्टी सीएमओ डा. सर्वेश कुमार ने बताया कि पूर्व में भी इस अवैध क्लीनिक को नोटिस दिया गया था परन्तु फिर भी वह धडल्ले से अपना आर्थो क्लीनिक संचालित किऐ हुऐ था जिसको आज सील किया गया है तथा विभागीय स्तर पर वैधानिक कार्यवाही भी की जाऐगी


# मृत दलित परिवार के पीड़ित परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- मृतजनों के परिजनों को आपदा कोष से दी जाये शासन द्वारा मदद सत्याबहन पूर्व सासंद आज शाम 6 बजे ग्राम चिलासनी मे सत्याबहन पूर्व सांसद ,पूर्व सदस्य अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार के नेतृत्व मे ग्राम चिलासनी मे 11 मार्च की सुबह छत गिरने से एक गर्ववती महिला एक युवती की मृत्यु हो गयी थी। कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल श्री मती सत्याबहन पूर्व सांसद,पूर्व सदस्य अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार के नेतृत्व मे आज ग्राम चिलासनी पहुंचा । और पीड़ित संजय जाटव एवम परिजनों से मिल शोक संवेदना व्यक्त की । जिला अध्यक्ष गंगा सहाय लोधी ,शहर अध्यक्ष बिनीत पारासर बाल्मीकि ने कहा कि दिनाक 15,03,2023 को 11 श्री मती सत्याबहन बहन पूर्व सासंद के नेतृत्व मे कांग्रेस जन मिल कर शासन प्रशासन से मृत परिजनों के परिजनों को आर्थिक मदद , प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत आवास और बच्चो की पढ़ाई फ्री मे कराई जाने की मांगो को लेकर मिलेंगे। परिजनों से मिलने वालो मे सत्याबहन पूर्व सासंद, गंगा सहाय लोधी जिला अध्यक्ष,बिनीत पारासर बाल्मीकि शहर अध्यक्ष,पूजा अमरोही वरिष्ठ कॉग्रेसी ,ज्योति सोलंकी, ठाकुर अनिल सोलंकी पीसीसी, संतोष गौतम एडवोकेट जिला अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ कांग्रेस एटा , सुभाष सागर एडवोकेट पूर्व सभासद, हर्ष वर्धन बौद्ध एडवोकेट,कुलदीप कुमार आदि ।

# कलश यात्रा के साथ भागवत महापुराण की कथा शुरू



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- जलेसर अवागढ़ क्षेत्र के गांव मीसा खुर्द में रविवार की सुबह श्रीमद् भागवत कथा महापुराण की कथा से पूर्व भगवताचार्य बाल योगी स्वामी ब्रह्मानंद जी महाराज ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद हेलीकॉप्टर द्वारा श्रद्धालुओं के ऊपर फूल बरसा कर धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बैंड बाजे की धुन पर महिला-पुरुष व बच्चे जमकर थिरके। जगह-जगह कलश यात्रा का फूल माला एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा मीसा खुर्द, नरौरा आदि में होती हुई कथा स्थल पर भागवत कथा से पूर्व निकली कलश यात्रा में शामिल भक्त ।पहुंचकर संपन्न हुई। पहले दिन वाचन किया। कथा सुनने के लिए कथा व्यास बाल योगी स्वामी ब्रह्मानंद जी महाराज ने श्रीमद् श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ भागवत महापुराण की कथा का पड़ी। श्रद्धालु विनीता शर्मा, संजीव शर्मा, प्रेंस शर्मा,रजनीश शर्मा , आदित्य शर्मा,बाबूजी, देवेन्द्र,राजू ,दीवान , दुष्यंत,कमल, गुलवीर सिंह,हरेंद्र, कौशल राजपूत नगला गुलरिया

# जेल रोड पर अतिक्रमण हटाने से पहले किया चिह्नांकन

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- नगर पालिका एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को आगरा रोड चुंगी की ओर से जेल रोड पर पैमाइश की।

रोड की पैमाइश होते देख स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने अलग-अलग ढंग से पैमाइश करने का आरोप लागकर आक्रोश व्यक्त किया। इसे देख पालिका और राजस्व विभाग के अधिकारी आधी-अधूरी कार्रवाई कर टीम सहित लौट गए।

अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर डीएम अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार मंगलवार को पालिका ईओ संजय कुमार गौतम अधीनस्थों और राजस्व विभाग की टीम के साथ जेल रोड की पैमाइश एवं अतिक्रमण चिह्नांकन करने पहुंचे। उन्होंने आगरा रोड चुंगी की ओर से जेल रोड की तरफ मार्ग के बीचों-बीच से दोनों ओर पैमाइश कराकर अतिक्रमण संबंधी चिह्नांकन कार्य कराया। इसे देख स्थानीय लोग भड़क गए। उन्होंने एक समान पैमाइश न करने का अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए हंगामा कर आक्रोश व्यक्त करना शुरू कर दिया। इसे देख पालिका एवं राजस्व विभाग के अधिकारी आगे की पैमाइश एवं चिह्नांकन कार्य किए बगैर ही लौट गए। इस दौरान पालिका आरआई सुशील गिरी, संपत्ति प्रभारी यशवीर सिंह, जेई लता वर्मा, अमित कुमार आदि मौजूद रहे। जेल रोड पर अतिक्रमण होने की शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम के साथ पैमाइश कराई गई है। पैमाइश के आधार पर दस लोगों ने मार्ग पर अतिक्रमण कर लिया है। इनको चिह्नित किया गया है। अब नोटिस भेजने के बाद अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई की जाएगी।-संजय कुमार गौतम,ईओ, नगर पालिका एटा

# कारागार में बंदियों के जागरूकता शिविर का आयोजन संपन्न

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती के तत्वावधान में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती/माननीय जनपद न्यायाधीश श्री गौरव कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में रामचंद्र यादव-1 सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज श्रावस्ती के मार्गदर्शन में जेल बंदियों के हितार्थ निःशुल्क विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया तथा बंदियों से संबंधित अधिकार तथा योजनाओं के बारे में बताया गया व जेल मुआयना किया गया, जिसमें महिला बंदी बैरक, पुरूष बंदी बैरक, पाकशाला व अस्पताल का निरीक्षण किया जहां महिला कैदियों के स्वास्थ्य एवं उनके नवजात शिशुओं के वैक्शीनेशन के संबंध में विशेष निर्देश दिये गये। तथा बंदियों से उनकी समस्याएं सुनी गयीं व उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। उक्त कार्यक्रम में राजेश यादव, अधीक्षक जिला कारागार श्रावस्ती/बहराइच, आनन्द कुमार शुक्ला जेलर श्रावस्ती/बहराइच, शेषनाथ यादव, उपजेलर श्रावस्ती/बहराइच, दयाराम लिपिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती, दिनेश पटेल चीफ एलएडीसी श्रावस्ती, जगदम्बा त्रिपाठी, डिप्टी चीफ एलएडीसी श्रावस्ती, अरूण कुमार श्रीवास्तव, असिस्टेंट एलएडीसी श्रावस्ती, संजय सिंह असिस्टेंट एलएडीसी श्रावस्ती तथा अन्य जेल प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहे। तथा कार्यक्रम का संचालन पैनल लॉयर/जेल विजिटर अशोक कुमार शर्मा एड0 द्वारा किया गया।

# कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल सत्याबहन पूर्व सासद के नेतृत्व मे जिला अधिकारी से मिला

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा -चिलासनी गाव मे दलित महिला गर्ववती और एक युवती की छत गिरने से हुई थी मौत जिला अधिकारी ने दिया आशवसन श्री मती सत्याबहन ने कहा कि मैं घटना स्थल पर जाकर ग्रामीणों से मिली थी पीडित संजय जाटव ने बताया था कि घटना के बाद कोई लेखपाल आये थे किन्तु प्रशासन से कोई अधिकारी या पुलिस मदद को नहीं आयी। ग्रामीणों ने स्वयं मलवा हटाकर मृतकों व घायलों को बाहर निकाला और बड़ी मुश्किल से एटा अस्पताल पहुंचाया जहाँ मृतक महिलाओं का पोस्टमार्टम भी हुआ। अत्यंत गरीब पीडित संजय जाटव का घर गिरने से घायल बच्चों के साथ पडौस के लोग अपने घरों पर रख रहे है। आपसे अनुरोध है कि मानवीय दृष्टिकोण से पीड़ित की प्रशासनिक सहायता तुरन्त उपलब्ध कराने की कृपा करें। वै घर पीडित को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान आवंटित किया जाय। आर्थिक सहायता 10 लाख या जो शासन उपयुक्त समझे उसे तुरंत दी जाय। बेघर हो चुके पीडित के बच्चों के पालन पोषण हेत उसे किसी भी विभाग में सरकारी नौकरी दी जाये मृतक माँ के छोटे घायल बच्चे रह गये हैं उसे आपदा फण्ड से तुरन्त सहायता दी जाये। इस अवसर पर श्री मती सत्याबहन पूर्व सांसद, श्री पूजा अमरोही वरिष्ठ कॉग्रेसी, गंगा सहाय लोधी जिला अध्यक्ष, विनीत परासर बाल्मीकी शहर अध्यक्ष, तारा राजपूत, दृष्टष्ट, ठाकुर अनिल सोलंकी पसीसी, मोहम्मद इरफ़ान एडवोकेट पीसीसी, नेना शर्मा एडवोकेट पसीसी, गीतम सिंह राजपूत, संतोष गौतम एडवोकेट, सुभाष सागर पूर्व सभासद, जितेंद्र कुमार, हर्ष वर्धन बौद्ध एडवोकेट, संदीप प्रतिहार, दिनेश मिश्रा एडवोकेट, संजय जाटव, हेमा सिंह, तेज सिंह, मुन्नी देवी, सोनकली, रूबी, अनार श्री, सतेंद्र सिंह, गौरव, संतोष कुमार, राजीव कुमार, अंकुश कुमार, सूर्य प्रकाश, शेकी, विवेक कुमार, सावत्री देवी, दीपाली, संतोष कुमार आदि।

# हिंदू मुस्लिम भाईचारा कायम रहे एटा शहर की तरक्की के लिए दुआएं मांगी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा शहर में अज़ीम शहा वारसी का उर्स मुबारक 13 ,14 15, 3 दिन से चलने वाला उर्स मुबारक बड़ी धूमधाम से नात शरीफ कुरान खानी भारतीय मशहूर मशहूर कव्वाल की महफिले से आज, अज़ीम शहा वारसी का आज कुल शरीफ पूरा हुआ, सभी ने हिंदुस्तान मैं हिंदू मुस्लिम भाईचारा कायम रहे एटा शहर की तरक्की के लिए दुआएं मांगी गई ,अज़ीम शहा वारसी कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ अब्बास कमेटी सदस्य जनाब आबिद अली, जनाब रहीस अहमद, जनाब हाजी वसीम अहमद, जनाब रियाज अब्बास, कमेटी द्वारा बाहर से और एटा शहर की हस्तियां जनाब पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राकेश गांधी जी, जनाब जमशेद आलम साहब सपा नेता, जनाब मोहम्मद इरफान एडवोकेट वरिष्ठ कांग्रेस नेता, जनाब डॉक्टर गौरी, जनाब इकरार अहमद युवा सपा नेता, जनाब वीरेंद्र उपाध्याय बीजेपी नेता, जनाब जहीर अहमद साहब, पूर्व सभासद जनाब हामिद उर्फ पप्पू , जनाब फरजंद अली, जनाब भैया भाई, जनाब मोहसिन भाई कुरेशी और बाहर से आए सभी मेहमानों का अज़ीम शहा वारसी कमेटी द्वारा स्वागत किया गया

# खोज लो दूसरा दूल्हा: दुल्हन करती रही इंतजार, नहीं आई बरात, शादी से ऐन पहले इस बात से खफा था युवक



कौशांबी से हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां बरात लाने से कुछ घंटे पहले दूल्हे ने दुल्हन को फोन किया और कहा कि बुलेट बिना मिलेगी तो बरात नहीं लेकर आऊंगा। साथ ही यह भी कहा कि दूसरा दूल्हा खोज लो। यह सुनकर दुल्हन और उसके परिवार के लोग सन्न रह गए। कौशांबी के सरायअकिल कोतवाली के चंदनापुर गांव में मंगलवार को बुलेट की मांग पूरी नहीं होने पर दूल्हे ने बारात लेकर आने से इनकार कर दिया। शादी के दिन बरात आने से चंद घंटे पहले हुई इस घटना से कन्या पक्ष के लोग सदमे में है। बरात की सारी तैयारियां धरी गईं। खुशियों वाले घर में मायूसी छा गई। हालांकि, अभी पीड़ित पक्ष ने मामले में कहीं कोई शिकायत नहीं की है।गौरा गांव के मजरा चंदनापुर निवासी शिवलोचन मजदूर है। उसने अपनी बेटी वंदना की शादी के लिए वर्ष भर पहले धूमनगंज (प्रयागराज) के रम्मन का पुरवा निवासी सालिगराम उर्फ सल्लू के बेटे पंकज से तय की थी। रिश्ता पक्का होने के बाद पंकज और वंदना आपस में फोन पर बातचीत करते थे। मंगलवार को बरात आनी थी। तिलक भी वंदना के घर पर ही होना तय किया गया था। सुबह से ही वंदना के पिता और तीन भाई घर आए रिश्तेदारों के साथ शादी की तैयारी करने में जुटे थे। शाम से घर में रिश्तेदारों का आना भी शुरू हो गया। इसी बीच अचानक शाम के सात बजे वंदना के मोबाइल पर दूल्हे पंकज ने फोन किया और पूछा कि दहेज में मिलने वाली बुलेट आई है कि नहीं। इस पर वंदना ने बताया कि रिश्ता तय होने से पहले बिना दहेज के साधारण रूप से शादी करने की बात हुई थी। इसलिए बुलेट देने का कोई सवाल ही नहीं है। इस पर दूल्हे पंकज ने फोन पर वंदना से दो टूक कहा कि बिना बुलेट वह बरात लेकर नहीं आएगा, किसी और को दूल्हा चुनकर शादी कर लो। दूल्हे की यह बात सुनकर वंदना और उसके परिवार वाले सन्न रह गए। घर में शादी की सारी तैयारी धरी रह गई। पीड़ित पिता ने बताया कि अभी कोई शिकायत नहीं की गई है। दूल्हे और उसके परिवार वालों से बात की जा रही है। बात नहीं बनने पर कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी जाएगी। वहीं, सरायअकिल इंस्पेक्टर विनीत सिंह ने ऐसी किसी जानकारी से इंकार किया है। उनका कहना है कि तहरीर मिलेगी तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## प्लाटिंग का काम करता है दूल्हा, दे रहा धमकी

दुल्हन के पिता ने बताया कि उसकी चार बेटियां हैं। एक बेटी की शादी वह दो वर्ष पहले कर चुका है। वंदना दूसरे नंबर की बेटी है। उसका होने वाला दामाद प्लाटिंग का काम करता है। रिश्ता तय होने से पहले उसने बिना दहेज की साधारण शादी करने के लिए सहमति जाहिर की थी। इस पर वह अपनी दूसरे बेटी का रिश्ता तय कर शादी की तैयारी करने में जुट गया था, लेकिन ऐन वक्त पर उसने बरात लाने से इंकार कर दिया। कारण पूछने पर उसे चुप रहने की धमकी दी जा रही है।

# कुदरगढ़ मेला में चार पहिया वाहन एवं दो पहिया वाहन पार्किंग व्यवस्था हेतु आवेदन 18 मार्च तक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर - लोक न्यास कुदरगढ़ की बैठक 11 मार्च 2023 के निर्णय अनुसार चैत्र नवरात्र 2023 कुदरगढ़ मेला हेतु चार पहिया वाहन एवं दो पहिया वाहन की व्यवस्था हेतु 18 मार्च 2023 को समय 1 बजे दिन तक प्रशासनिक कक्ष कुदरगढ़ में इच्छुक व्यक्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिसके लिए आवेदन के साथ अमानत राशि चार पहिया वाहनों हेतु 10000 रूपये एवं दो पहियाा वाहन 5000 रुपये निर्धारित है। साथ ही आवेदन शुल्क 500 रुपये नियत किया गया है। आवेदन के साथ आवेदक का आधार कार्ड अनिवार्य है। आवेदन शुल्क जमा करने पर प्रशासनिक कक्ष से आवेदन प्राप्त किया जा सकता है।

# स्कूल, कॉलेज एवं समाज में जन जागरूकता अभियान चलाएं-कलेक्टर सुश्री आरा

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर -जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों पर बाल श्रम हेतु मानव तस्करी रोकने बाहरी लोगों के आने जाने पर नजर रखने तथा थाना, चौकी में तत्काल सूचना देने के निर्देश दिए एकीकृत बाल संरक्षण योजना अंतर्गत जिला बाल संरक्षण समिति, जिला स्तरीय सलाहकार सह निरीक्षण समिति एवं जिला स्तरीय महिला एवं बच्चों के अवैद्य प्रवास को रोकने संबंधी मॉनिटरिंग समिति तथा जिला स्तरीय टास्कफोर्स लापता, गुमशुदा बच्चों के संबंध में बैठक कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में एजेण्डावार चर्चा किया गया। शिक्षण सत्र 2022-23 में स्कुलों में जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाने पर चर्चा किया गया। बाल संरक्षण के मुद्दों पर बच्चों में जागरूकता लाने हेतु जिले के स्कूलों में शिक्षण सत्र 2022-23 में बाल संरक्षण विषय पर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा कुल 67 स्कूलों एवं समस्त महाविद्यालयों आयोजित किये गए। कलेक्टर ने नवीन शिक्षण सत्र 2023-24 में शिक्षा विभाग के समन्वय से रोस्टर तैयार कर शेष स्कूलो में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मोबाईल एवं नशे के दुष्प्रभाव की विशेष जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए साथ ही शिक्षा विभाग को बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला आयोजित किये जाने के निर्देश दिये। बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम पर चर्चा, वर्ष 2022 में जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2022 की स्थिति में 32 बाल श्रम से बालको को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया है। वर्ष 2023 में 28 फरवरी 2023 तक बाल भिक्षावृत्ति में लिप्त 03 बालकों की रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया है तथा उनका सामाजिक जॉच प्रतिवेदन हेतु फॉलोअप किया गया है। राज्य के बाहर से रेस्क्यू किये गये बाल श्रमिकों के फॉलोअप हेतु निर्देश दिये गये एवं श्रम विभाग द्वारा नियोक्ता के विरूद्ध की गई कार्यवाही से अवगत कराने हेतु निर्देश दिया गया। समस्त पंचायतों में पलायन पंजी संधारित करने एवं सतत् निगरानी करने हेतु समस्त जनपद पंचायतों को निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री आरा ने श्रम विभाग एवं जिला बाल संरक्षण ईकाई द्वारा जिले में चिन्हांकित क्षेत्रों का बालश्रम में लिप्त बच्चों का सर्वे करने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बालश्रम को दूर करने के लिए अन्य विभागों से समन्वय कर जन-जागरूकता शिविर का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकाय क्षेत्रों में बालश्रम की रोकथाम हेतु प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिले में वर्ष 2022 एवं वर्ष 2023 में रोके गये बाल विवाह पर चर्चा किया गया एवं ग्रामीणों में बाल विवाह विषय पर व्यापक जानकारी दिये जाने के निर्देश दिये गये है। कलेक्टर ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर जिले में बाल विवाह के अधिकतर मामले सामने आते हैं, इसे रोकने हेतु सभी समाज के प्रमुखों, शादी कार्ड छापने वाले, पुरोहितों, सदर, टेंट वाले, कैटरिंग एवं डीजे वाले, फुल वाले आदि को जागरूक किये जाने हेतु कार्यशाला आयोजित किये जाने के निर्देश दिए। गुमशुदा या प्राप्त हुए बच्चों की जानकारी तत्काल पोर्टल पर अपलोड करने पर चर्चा किया गया बैठक में उपस्थित पुलिस विभाग द्वारा बताया गया कि जैसे ही गुमशुदा का प्रकरण दर्ज होता है उसकी ऐन्ट्री पोर्टल पर अपलोड कर दी जाती है। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों पर बाल श्रम हेतु मानव तस्करी रोकने पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए तथा जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों पर बाल श्रम हेतु मानव तस्करी रोकने हेतु थाना, चौकी स्तर पर अपने- अपने क्षेत्रांतर्गत ग्राम रक्षा समिति, नगर रक्षा समिति, चलित थाना, अभिव्यक्ति कार्यक्रम आदि के माध्यम से आम जनता को बाहरी लोगों के आने जाने पर नजर रखने तथा थाना, चैकी में तत्काल सूचना देने हेतु आग्रह किया गया है। एक युद्ध नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए जोर दिया गया कि जिला सूरजपुर में एक युद्ध नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम अभियान कर शराब, गांजा, नशीली ड्रग्स के उपयोग करने से हतोत्साहित करने हेतु स्कूलो, कॉलेजों में जाकर जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, तथा चलित थाना एवं अंजोर रथ के माध्यम से गॉव-गॉव साप्ताहिक बाजार में महिला, पुरुष एवं युवा वर्ग को नशीली ड्रग्स के कुप्रभाव की जानकारी दी जा रही है, नशीली दवाओं को डॉक्टर के प्रिसक्रिप्शन के बिना दवाओं की ब्रिकी ना करने के संबंध में समय-समय पर मींटिग आयोजित कर समझाईस दिया जा रहा है, रासायनिक ओपोइड के बिक्री का प्रकरण प्रकाश में नहीं आया है, कोडिन युक्त कफ सिरफ के अवैध बिक्री की सूचना, शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस एवं खादय औषधि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में चेकिंग एवं कार्यवाही किया जा रहा हैं। कलेक्टर ने जिले में संचालित नशा मुक्ति केन्द्र में नशे में लिप्त बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें केन्द्र में भर्ती किए जाने के निर्देश दिये एवं केन्द्र में स्वास्थ्य विभाग को मानसिक परामर्शदाता की सेवा उपलब्ध कराने एवं बिश्रामपुर स्थित ओएसटी सेंटर से सूची मंगवाकर जरूरतमंदों को नशा मुक्ति केन्द्र से जोड़ने हेतु निर्देश दिए गए। इस दौरान डीएफओ श्री संजय यादव, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर, श्री नरेंद्र पैकरा, डॉ. प्रियंका वर्मा, एसडीएम श्री रवि सिंह, श्री उत्तम रजक, श्री सागर सिंह राज, श्रीमती दीपिका नेताम, डीपीओ श्री चंद्रबेस सिसोदिया, एसपी कार्यालय डीएसपी इमैनुएल लकडा, डिप्टी कलेक्टर श्री नंदजी पांडे, बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जयसवाल एवं विभाग के समस्त अधिकारी उपस्थित थे।

# Ashwin tops among bowlers, Virat gains seven places, Rohit also in top 10

In the latest ICC rankings, Ashwin has further strengthened his position at number one. At the same time, Virat Kohli has gained seven places. The players who performed brilliantly in the Test series between India and Australia have also gained in the ICC rankings. India's veteran off-spinner Ravichandran Ashwin has further strengthened his position as the number one bowler. He was earlier tied for the top spot with James Anderson, but has single-handedly held the spot, leaving Anderson behind. Ashwin took 25 wickets in this series at an average of 17.28 and also became the player of the tournament along with Ravindra Jadeja. At the same time, Virat Kohli played a brilliant inning of 186 runs in the last match of the series. He too has gained seven places to reach 13th position in the batsmen's rankings. Virat Kohli ended his 1205-day long drought of hundreds in Test cricket in Ahmedabad with a brilliant innings. Took Team India to a better position. India's Rishabh Pant remains at ninth and Rohit Sharma at 10th position in the batsmen's rankings. Axar Patel, who has been impressive with the bat in the same series, has gained eight places in the batting rankings to reach 44th position. At the same time, he has moved up one place to fourth in the all-rounder rankings. He scored 264 runs in four matches of the series against Australia. Meanwhile, Australia's Usman Khawaja has improved two places to seventh in the Test batsmen's rankings and all-rounder Cameron Green has jumped 11 places to reach 26th in the batsmen's list. Travis Head retained his fifth position in the rankings for Test batsmen with 853 rating points. Following the completion of the first match of Sri Lanka's series in New Zealand and South Africa's home series against the West Indies, there have been several other changes in the list of Test batsmen. New Zealand captain Tim Southee has gained six places to reach 12th position in the Test bowlers' list after taking seven wickets in the match against Sri Lanka in Christchurch, while Daryl Mitchell has gained four places in the rankings for Test batsmen after scoring 102. With the improvement of has reached the eighth position. New South Africa captain Temba Bavuma has moved up 14 places to 15th in the list for Test batsmen after whitewashing the West Indies and Aiden Markram has improved 11 places to 22nd. West Indies' Kyle Mayer has jumped 10 places to reach 32nd position among bowlers and seventh position among all-rounders. The players who did wonders in the series between Bangladesh and England have also gained in the rankings. Bangladesh won this series 3-0. Left-handed batsman Nazmul Hasan has made an overall jump of 68 places to reach 16th position in the T20I batsmen's list, while veteran batsman Liton Das has improved nine places to reach 22nd position. , Left-arm fast bowler Mustafizur Rahman has gained 16 places to reach 20th position in the T20I rankings for bowlers, while Shakib Al Hasan has improved nine places to reach 24th position in the same list.




# Those who used to scold for playing cricket, now they are clapping for them, know the story of Simran Sheikh's struggle

Simran's mother says that now people recognize her because of her daughter. People come and say that she is Simran's mother. It is a proud moment for me. There is a lot of craze among the fans regarding the Women's Premier League (WPL). In its very first season, this league has become a worldwide super hit. This league has also given many new Indian players a chance to shine. Many poor and small town girls including Kiran Navagire and Saika Ishaq have shown their mettle in this league. Now the story of the struggle of Simran Sheikh, who has become a regular part of the UP Warriors team, has also come to the fore. Simran belongs to Dharavi, Asia's largest slum area located in the country's financial capital Mumbai. Those who used to scold, now encourage - 21-year-old UP Warriors middle-order batsman Simran Sheikh has faced a lot of struggle to make her place in the world of cricket. Simran, a resident of Dharavi, one of the largest slums in the world, managed to become a regular part of the UP Warriors team because of her fighting ability. In her childhood days, she had to listen to scolding and abuses from people for playing cricket in the park, but now whenever she comes on the TV screen, the same people encourage her and clap. Simran's father Zahid Ali has talked about Simran's struggles. Father's statement- Zahid said- When my daughter was young, she was interested in playing cricket. Whenever she used to play cricket in the park or on any ground, many people used to scold her and talk a lot, but my daughter ignored all the noise. He focused on cricket and continued to grow. Taking up cricket as a career is a tough task for anyone, but Simran is now playing in one of the biggest women's cricket leagues. Her father initially didn't believe that she would reach this point. Many people supported Simran's family- Zahid said- No, I didn't think so. We are poor people and at that time we were not in a position to help our daughter, but by the grace of almighty she was able to move forward. I just want to say that the respect we are getting today is because of our daughter's skill, hard work and grace of almighty. Many people have supported us. What did the mother say?- Even Simran's mother Akhtari Bano could not believe that her daughter could play at this level. Akhtari said- We did not believe that she would play further. I thank the coach as well as the one above who supported our daughter and us in difficult times. Simran started playing cricket only after 10th class- Simran had left her studies after 10th class and started playing cricket with whatever money was left with her. Now she has made her parents proud and she has become a famous cricket player in India. Simran's mother said- Earlier she was known by our name, but now people recognize us because of Simran. People come and say that she is Simran's mother. It is a proud moment for me. Simran was nervous in the auction- Akhtari Bano also described the feelings of the family during the Women's Premier League auction. Simran's mother said- We switched on the television on February 13 at 2 pm during the WPL auction and we were waiting for her name to appear. She was worried the whole time, but then suddenly her name came up and my family and even the whole society jumped in excitement. Simran has played four matches so far. She can play in today's match against Royal Challengers Bangalore.




# Demand to include Rahul in the Indian team, Gavaskar said – get a chance in the Test Championship final

India has made it to the final of the World Test Championship for the second time. In such a situation, Sunil Gavaskar has said that Lokesh Rahul should be included in Team India as a wicketkeeper for this match to be held in June. Team India has won the four-match Test series between India and Australia by 3-1. At the same time, Sri Lanka has faced defeat in the first match of the Test series against New Zealand. With this, the Indian team has made it to the finals of the World Test Championship. Australia had confirmed their place in this final by winning the third match of the Border-Gavaskar Trophy. Now the final of the World Test Championship will be played between India and Australia from June 7-11. There will be an ODI series between the two teams before this match to be held at the Oval in London. After this the players of India and Australia will play IPL, while after the end of IPL there will be final of test championship between the two teams. The first final of the World Test Championship was played between India and New Zealand. By winning this match, the Kiwi team achieved the distinction of winning the first World Test Championship. Now the Indian team has reached the final for the second time in a row. In such a situation, the effort of Team India will be to name the final this time. There is a lot of discussion after both the teams for the final of the World Test Championship have been decided. Questions are being raised about David Warner's place in the Australian team. At the same time, only one of Ashwin-Jadeja will be given a chance in the Indian team. Apart from this, many things are happening about the wicketkeeper. India's star wicket-keeper batsman Rishabh Pant has been away from cricket for almost a year after being involved in a car accident. In his absence, KS Bharat has been given a chance as wicketkeeper, but he has not been able to do much. In such a situation, there is talk of giving a chance to Ishaan Kishan in place of Bharat. However, former Indian cricketer Sunil Gavaskar believes that Lokesh Rahul should be included in Team India as a wicketkeeper. Emphasizing on Rahul's performance during the tour of England in 2021, Gavaskar said, "You can see KL Rahul as a wicketkeeper. If he bats at number five or six at the Oval, our batting will be stronger." Because, he batted really well in England last year. He scored a hundred. Keep KL Rahul in mind when you pick your team for the WTC final at Lord's." Lokesh Rahul is struggling with bad form. He got a chance in the first two matches against Australia and failed on both the occasions. After this, he was stripped of the vice-captaincy of the team and was also dropped from the team.





